हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025

06 श्रावण के अंतिम सोमवार को कुंडेश्वर में उमड़ा ...



07 मंत्री:71.42 लाख खर्च हुए आवदा डैम मेंटेनेंस में...





## खबर संक्षेप



### शिवलिंग निर्माण का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में सावन सोमवार के उपलक्ष्य में लालपुरा स्थित श्री देव जानकीरमण मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं शिव अभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या महिलाऐ एवं धर्मप्रेमी श्रृद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन करते हुए शिवलिंग निर्माण किया एवं हवन पूजन किया गया।

### मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत करें प्रभावी कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि आगामी दिनों में त्योहारों के मद्देनजर मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ खाद्य सामग्री की दुकानों पर कार्यवाही करें। उन्होंने बताया कि जिले में किसी भी प्रकार का दूषित खाद्य सामग्री का विक्रय न हो यह भी सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने बताया कि जिले में बाहर से आने वाले मावा एवं अन्य मिष्ठान की भी जांच करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी खाद्य दुकान, खाद्य फैक्ट्री, डेयरी सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अनियमित्ताएं पाई जाती हैं तो कार्यवाही के साथ साथ सील करने की कार्यवाही करें।

### राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सागर।** राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को बनाया गया है। ग्रामीण भ्रमण कार्यकम के अंतर्गत राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को सागर के गुड़ा, सानौदा, डुंगासरा, पथरियाहाट, जैसीनगर के जैसीनगर, गेहूरस बुजुर्ग, बेरखेड़ी गोसाई, अगरिया, राहतगढ़ के नरयावली, खाकरोन, जरूआखेड़ा, जलंधर, रहली के पटना बुजुर्ग, समनापुर कला, चनौआबुजुर्ग, बरखेरा गौतम ग्राम पंचायतों में भ्रमण कराया जायेगा जहां वे योजनाओं अंतर्गत अधोसंरचनात्मक विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास आदि के क्षेत्र में होने वाले विकास व मध्यप्रदेश शासन की आबंटित शासकीय योजनाओं का अवलोकन करेगे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की मौसम के अनुसार करें सभी तैयारियां

**सागर।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह की सभी तैयारियां मौसम के अनुकूल की जावें एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं उतारने की प्रक्रिया पूरे राष्ट्रीय गरिमा के साथ किया जावे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश दिए की स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल पीटीसी ग्राउंड पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मौसम को देखते हुए की जावें मार्च पास्ट मार्ग पर व्यवस्थित चूना लाइन एवं डस्ट का उपयोग किया जावे। जिससे कि मार्च पास्ट करने वाले दलों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने दिए गए दायित्वों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ समय के पूर्व करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग फुल ड्रेस रिहर्सल एवं 15 अगस्त के दिन डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ दवाओं सहित एम्बुलेंस के साथ कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहेंगे। शासकीय भवनों पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आकर्षक साज सज्जा की जाए।

## परिवार कल्याण कार्यक्रम में उदासीनता बरतने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और परिणाम मूलक बनाएं, पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ आयुष्मान कार्ड मुहैया कराएं : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी बेहतर और परिणाम मूलक बनाने के निर्देश दिए है। कमिश्नर ने कहा है कि शासन द्वारा जनमानस के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही है। कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सागर संभाग के दूर दराज क्षेत्र के रहने वाले लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में आयुष्मान कार्ड योजना, टेली मेडिसिन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जैसी अभिनव योजनाओं का लाभ जरूरत मंद लोगों को मिलना चाहिए। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी सेवा भाव और संवेदन शीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जरूरत मंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुचाएं। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी आज स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बालविकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



बैठक में एनिमिया नियंत्रण के लिए चलाएं जा रहे कार्यक्रमों की जिलेवार समीक्षा करते हुए, कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एनिमिया से पीडित सभी पात्र महिलाओं और युवाओं और बच्चों का रजिस्टेशन कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्टेशन के कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता अथवा लापरवाही नहीं होना चाहिए।

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग को निर्देश दिए कि वह एनिमिया की स्थिति से निपटने के लिए सतत प्रयास करें। जनमानस के लिए एनिमिया नियत्रण के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। कमिश्नर ने आयुष्मान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में पात्र सभी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जाएं तथा इस योजना का लाभ जरूरत मंद लोगों को मुहैया कराया जाए।

कमिश्नर ने दमोह और टीकमगढ जिले में आयुष्मान कार्ड योजना में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। कमिश्नर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना शासन द्वारा संचालित एक अभिनव योजना है। इस योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाएं।

बैठक में कमिश्नर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम में उदासीनता बरतने के कारण जिला स्वास्थ्य अधिकारी सागर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेलिमेडिसन कार्यक्रम संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जाए। टेलीमेडिसन कार्यक्रम क्या है और इसके क्या फायदे हो सकते है। इसके विषय में लोगों को जागरूक किया जाए।

बैठक में बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के डीन ने बताया कि मेडिकल कालेज द्वारा टेलिमेडिसन कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए वीडियों काल के फेसिलिटी देने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में मेल हॉस्टल, फीमेल हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है वहीं लगभग 90 करोड़ रू. के निर्माण कार्य कराएं जा रहे है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज सागर में एमआरआई मशीन की सुविधा शीघ्र मिलेगी।

बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए, कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ शत प्रतिशत हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मातृ वंदना कार्यक्रम एवं लाडली लक्ष्मी योजना कार्यक्रम की स्थिति की समीक्षा परियोजना वार करें। तथा जो परियोजना अधिकारी कार्य नहीं कर रहे है। उनके विरूध्द कार्यवाही प्रस्तावित करें।

कमिश्नर ने पोषण पुर्नवास केन्द्रों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को प्रवेश दिलाएं। समीक्षा के दौरान टीकमगढ जिले में पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के प्रवेश की स्थिति ठीक नहीं पाई जाने पर कमिश्नर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा मेडिकल कॉलेज में कराएं जा रहे निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीन मेडिकल कॉलेज डा. पी.एस. ठाकुर, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक लोक स्वास्थ्य सेवाएं डा. नीना गिडियन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री भरत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पुत्रदा एकादशी आज : पशुपतिनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक संग होगा श्रीकृष्णाभिषेक

**सागर।** बुंदेलखंड पंचांग अनुसार पुत्रदा एकादशी का व्रत आज मंगलवार को रखा जायेगा मंदिरों में भी भगवान का एकादशी अभिषेक श्रृंगार किया जायेगा। तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन कार्यक्रम में भी आज मंगलवार को रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक किया जायेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया तय समयानुसार सुबह 8बजे से 11बजे तक रुद्री निर्माण और 11.30 बजे से 1.30 बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री कृष्णाभिषेक किया जायेगा। कल सावन का आखिरी सोमवार होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्रीनिर्माण एवं पूजन अभिषेक किया प्रमुख रूप से पं.रामगोविन्द शास्त्री, पं.प्रदीप तिवारी, एम सी दुबे, के सी व्यास, राघवेंद्र सिंह राजपूत, अशोक मिश्रा, के पी गांधी, हेमंतसिंह ठाकुर, बालमुकुंद दुबे, देवेंद्र पटेल, मुन्ना तिवारी, जगदीश रावत, रामकुमार तिवारी, घनश्याम चौबे, सुमित दीक्षित, सरोज दुबे, सीता व्यास, शारदा दुबे, ममता मिश्रा, रजनी चौबे, आभा नायक, अभिलाषा राजपूत, रेखा दुबे, सीमा यादव, रेखा ठाकुर, सीमा शर्मा, मनीषा गांधी, पिंकी गुप्ता,रश्मि शर्मा, रेशू चतुर्वेदी, संतोषी तिवारी, प्रीति पटेल, मीरा गुप्ता, गुड्डी शर्मा, पदमा मेहता, रोशनी गुप्ता, रंजना मिश्रा, सीमा तिवारी, सुहागरानी साहू, शिवांगी रावत, वंदना अग्रवाल, रीना खरे, रेखा शर्मा, मीनाक्षी भट्ट, रजनी गुप्ता, रजनी यादव, सुषमा भट्ट, भागवती रावत, पुष्पांजलि सेंगर, टीना चौबे, कांति विश्वकर्मा, हेमलता ठाकुर, प्रमिला तिवारी, इंद्रा चौबे, आशा ठाकुर, दीक्षा दांगी, हरिबाई पटेल, किरण भारद्वाज, सुहागरानी पटेल, बंदना पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## शिक्षा से सरोकार भविष्य से संवाद कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों को बैग और लंच बॉक्स का वितरण

**सागर।** अग्रवाल विकास सभा सागर द्वारा अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला सुआतला पहुंचकर अध्ययनरत छात्र छात्राओं को निशुल्क स्कूल बैग और लंच बॉक्स वितरित किए और उनसे संवाद कर उनसे शैक्षणिक संवाद व भविष्य मे क्या बनना है उनकी इच्छा पूछी। अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने कहां कि शिक्षा के प्रोत्साहन का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा शिक्षा के बेहतर उन्नयन के लिए अग्रवाल समाज सदैव अग्रणी रहेगा। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल विकास सभा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु अग्रवाल विकास सभा सागर द्वारा शिक्षा से सरोकार और भविष्य से संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला सुआतला मे छात्र छात्राओं को निशुल्क स्कूल बैग एवं लंच बॉक्स वितरित किए गये। पूर्व में भी हमारी संस्था द्वारा संत रविदास वार्ड स्थित शासकीय विद्यालय में वाटर कूलर, पंखे एवं छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरित की जा चुकी है। विद्यालय की शिक्षिका रजनी गौतम द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत किया गया एवं शाला प्रभारी अंजना ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।



## अहिरवार महासभा की समाज जागृति बैठक पिपरिया उल्दन में हुई संपन्न

**सागर।** अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम पिपरिया उलदन में रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि सतनाम भाई प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम के प्रदेश अध्यक्ष एवं एडवोकेट धनसिह अहिरवार थे। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष काशीराम अहिरवार जी ने की। मुख्य अतिथि सतनाम भाई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव की कोई जाति नहीं होती। मानव मानव सभी ईश्वर की संतान हैं । एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से भेद नहीं करना चाहिए। एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम अहिरवार महासभा जिला सागर के समस्त पदाधिकारी गांव गांव जाकर समाज में फैली कुरूतियो व अन्धविश्वास के प्रति जागरूक कर उनके अंदर व्याप्त कुरीतियों को दूर करने समाज में हो रहे अत्याचार के प्रति समाज के लोगों को जगाने का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष काशीराम अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी समाज के लोगों से एकजुट होकर काम करने की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि राकेश अहिरवाल ने समाज के युवाओं एवं महिलाओं को आगे आकर अपने हुनर से रोजगार के अवसर प्राप्त करके समाज की नई पीढ़ी को नई दिशा देने की अपील की। कार्यक्रम को शंकरलाल माते,डा राजकुमार अहिरवार,असिस्टेंट प्रोफेसर बडा मलहरा,डाक्टर राजकुमार बहेरिया ,गजेन्द्र अहिरवार जिंदा आदि ने सम्बोधित किया। संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामनाथ पिपरिया, कामता, शेरू, महेश अहिरवार,रामसेवक राकेश सेमरा, आशाराम अहिरवार सहित करीब 35 ग्रामों के समाज जन उपस्थित थे। आभार हरिकिशन अहिरवार ने माना।

# भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में अति वर्षा से फसलें बर्बाद होने का विषय शून्यकाल में उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 दिनों में हुई अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का विषय मध्यप्रदेश विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के शून्यकाल में पुरजोर तरीके से उठाया है। उन्होंने सदन में उपस्थित मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से आग्रह किया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में लगातार हुई ज्यादा बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराने के आदेश दें और सर्वे अनुसार मुआवजा और राहत राशि देने का निर्णय लें।

शून्य काल में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की खुरई व मालथौन तहसीलों में विगत 15 दिवसों में हुई अतिवर्षा से किसानों की सोयाबीन, उड़द व मक्का की फसलों को अत्यधिक नुकसान पहुंचा है। इन दिनों हुई बारिश से सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलें अधिकांश क्षेत्रों में चौपट हो गई है जिस कारण किसानों सहित उनके परिवारों में गंभीर चिंता व्याप्त हो गई है। मेरे द्वारा जिला प्रशासन सागर एवं मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल को दिनांक 29 जुलाई 2025 द्वारा पत्र लिखकर अतिवर्षा से फसलों



को हुए नुकसान से उपज होने की संभावना नगण्य होने से अवगत कराते हुए सोयाबीन व खरीफ फसलों को पहुंची क्षति का आंकलन कराने व क्षति का मुआवजा देने हेतु सरकार से आग्रह किया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सदन में कहा कि इसमें सर्वे के अनुसार जहां पर नुकसान हुआ है, तो उसमें राहत राशि किसानों को सरकार की तरफ से मिले, ऐसा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है। किसानों की फसलों का काफी नुकसान हुआ है। अगर सर्वे के आदेश मुख्यमंत्री कर देंगे, तो किसानों को संतोष होगा, जो भी सर्वे में आएगा, उसके आधार पर जो राहत राशि मुख्यमंत्री जी स्वीकृत करेंगे, वह राहत राशि किसानों को मिल सकेगी।

### 29 जुलाई को मुख्य सचिव को पत्र भेज कर बताया

ज्ञातव्य हो कि भूपेन्द्र सिंह ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, भोपाल को गत 29 जुलाई को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र खुरई अन्तर्गत तहसील खुरई एवं मालथौन के कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया है कि 10-15 दिनों से लगातार अति वर्षा होने से सोयाबीन व खरीफ की अन्य फसलों का अत्यधिक नुकसान हो गया है। जिस कारण उपज होने की संभावना क्षीण हो चुकी है। किसानों द्वारा अपनी खरीफ फसलों का सर्वे कराये जाने हेतु जगह-जगह मांग की जा रही है। किसानों द्वारा नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा देने एवं फसल बीमा की सुविधा का लाभ प्राप्त हो इस हेतु भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया है। पत्र में कहा गया है कि खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषकों को सोयाबीन व अन्य खरीफ फसलों के नुकसान का सर्वे कराये जाने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने व नियमानुसार मुआवजा दिलाने एवं फसल बीमा का लाभ प्राप्त हो इस हेतु आवश्यक कार्यवाही करें ।

## हरियाली तीज पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**सागर।** जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी अध्यक्ष सुरेश मोहनानी के नेतृत्व में झूलेलाल चालीहा महोत्सव द्वारा महिला मंडल ने एक पेड़ देश और मां के नाम कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज पर सघन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में पेड़ लगाते हुए प्रतिदिन संरक्षण करने का संकल्प लिया गया और आमजन को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की गई।

## "एक राष्ट्र एक चुनाव" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

# एक देश, एक चुनाव की नवीनतम क्रांति के संवाहक है हमारे युवा : डॉ लता वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सिरोजा, सागर में "एक राष्ट्र एक चुनाव" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। स्वस्ति वाचन कृषि विज्ञान विभाग के डॉ उमेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया। भारतीय परम्परा के अनुसार अतिथि स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथि परिचय उपकुलपति, डॉ नीरज तोपखाने के द्वारा दिया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सांसद, सागर , डॉ लता वानखेड़े ने कहा कि एक देश, एक चुनाव के नवीनतम क्रान्ति के संवाहक है हमारे युवा कर्णधार।

विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए हम प्रतिज्ञावान है। इस मुद्दे को हमें जन जागरूक बनाना है। जिसमें विद्यार्थी हमारे स्तम्भ है। इस सार्थक बदलाव पर सबका सहयोग जरूरी है। आज हम सब संकल्पित हो कि हम सभी जनमत के माध्यम से जन समर्थन प्राप्त करेंगे। यह विचार भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को अधिक सशक्त और प्रभावी बनायेगा। मुख्य वक्ता की आसंदी से संस्थापक कुलपति, डॉ अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि



एक देश, एक चुनाव का अर्थ है कि देश की सभी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ एक ही समय पर कराए जाएँ। यह विचार हमारे देश में नया नहीं है। भारत में 1952, 1957, 1962 और 1967 में सभी चुनाव एक साथ कराए जाते थे। एक देश, एक चुनाव एक अच्छा विचार है, लेकिन इसे लागू करने से पहले सभी पक्षों दृ केंद्र, राज्य और जनता दृ की राय को ध्यान में रखना आवश्यक है। उचित योजना, राजनीतिक इच्छाशक्ति और संवैधानिक सुधारों के साथ यह सपना साकार हो सकता है। हम सभी को यह सोचना चाहिए कि क्या हम केवल चुनावों में उलझे रहना चाहते हैं या देश को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। एक देश, एक चुनाव की नीति से समय और धन दोनो की बचत हो सकती है। आज का समय केवल घोषणा पत्र में उलझे रहने का नहीं है बल्कि देश को आगे बढ़ाने के लिए इन घोषणा पत्रों को कार्य रूप में परणित करना है। हमारे देश में हर कुछ महीनों में कहीं न कहीं चुनाव चलते रहते हैं कृ कभी लोकसभा के, कभी किसी राज्य की विधानसभा के। इससे सरकार का अर्थात हमारा आर्थिक नुकसान होता है। एक देश, एक चुनाव का मतलब है कि पूरे देश में लोकसभा और सभी राज्यों के चुनाव एक साथ कराए जाएँ। उपकुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने कार्यक्रम का आभार ज्ञापन करते हुए स्वरचित कविता के माध्यम से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि एक देश, एक चुनाव एक अच्छा विचार है, लेकिन इसे लागू करने से पहले पूरी योजना और सभी की सहमति जरूरी है। अगर सही तरीके से किया जाए, तो इससे देश को बहुत फायदा होगा। इस अवसर पर संस्था के सभी अधिष्ठाता, डॉ मनीष मिश्र, डॉ सुनीता जैन, डॉ बी व्ही तिवारी, डॉ शैलेन्द्र पाटिल, कुलसचिव-डॉ के के शुक्ला, एस डी श्रीवास्तव, डॉ सुनीता दीक्षित, डॉ आशीष यादव, श्रीमती आशा शिलाकारी-पूर्व परियोजना अधिकारी, श्रीमती रेखा राजपूत (भाजपा), विवि परिवार के सभी सदस्य एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ संपन्न हुआ।




## सांदिपनी विद्यालय की एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सागर।** सांदिपनी विद्यालय शा.म.ल.बा.उ.मा. विद्यालय क्रमांक-01 सागर की जूनियर गर्ल्स कैडेट्स (7 एम.पी. गर्ल्स बटालियन) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर शाला की एन.सी.सी. प्रभारी प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को बताया कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह हमारी प्रकृति और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करने का भी एक माध्यम है। कार्यक्रम में शाला उप प्राचार्य डॉ. वंदना खरे, डॉ. मनोज श्रीवास्तव (प्र.अ.), प्रदीप कुमार पांडेय (प्र.अ.), मंजूलता जैन (व्याख्याता), निर्मला उदैनिया (उ.श्रे.शि.), एवं शिक्षिका आरती गौतम सहित विद्यालय के कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होने पर मदद को आगे आया संघ

**टीकमगढ़।** विगत 1 अगस्त को हार्ट अटैक के चलते पटवारी मनीराम आदिवासी की मृत्यु हो गईं थी। पटवारी मनीराम के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके चलते जिला पटवारी संघ ने मनीराम के परिजनों को आर्थिक मदद दी। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभान समारी ने स्वयं जाकर परिजनों को सहायता राशि सौंपी। जिला पटवारी संघ अध्यक्ष समारी ने पूंछने पर बताया कि पटवारी मनीराम आदिवासी की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयानीय होने के कारण पटवारी संघ टीकमगढ़ द्वारा जिले के पटवारी साथियों से सहायता राशि इकट्ठा की गईं। जिसमें एकत्रित 75 हजार रुपये की मदद उनके परिवार जनों को दी गईं। साथ ही स्वर्गीय मनीराम आदिवासी को श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष समारी ने बताया कि पटवारी संघ अपने पटवारी साथी के लिए प्रत्येक विपत्ती के समय मजबूती के साथ खड़ा रहने के लिए संकल्पित है। उन्होंने पटवारी मनीराम के परिजनों को आशान्वित करते हुए कहा कि आगे भी परिजनों को हर संभव मदद करने के लिए पटवारी संघ तत्पर रहेगा।

### सवा किलो भांग से तिरुपति स्वरूप में सजे भोलेनाथ, बम-बम भोले की गूंजे जयकारे

# श्रावण के अंतिम सोमवार को कुंडेश्वर में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

श्रावण मास के अंतिम सोमवार के दिन का प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर एक बार फिर भक्ति की लहरों से सराबोर हो उठा। सूरज की पहली किरण से पहले ही शिवालय की चौखट पर आस्था सिर नवाने को आतुर श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़ते हर कदम में श्रद्धा का संकल्प था और गूंजते बम-बम भोले के जयकारों में भावनाओं का समर्पण दिखा।

भोर चार बजे ब्रह्म मुहूर्त में प्रधान पुजारियों द्वारा भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, शहद, शक्कर, घी और भांग से शिवलिंग का स्नान कर पूजन आरंभ हुआ। लगभग एक घंटे चले इस दिव्य अनुष्ठान के बाद जैसे ही सुबह 5 बजे मंदिर का गर्भगृह भक्तों के लिए खोला गया, तो मानो शिव की नगरी में आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। सुबह 6 बजे के बाद भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती चली गई और दोपहर 12 बजे तक 30 हज़ार से अधिक श्रद्धालु भगवान कुंडेश्वर के दर्शन कर चुके थे। यह भीड़ केवल संख्या नहीं, बल्कि टीकमगढ़ की आत्मा में रचे-बसे

### केवल कुंडेश्वर ही नहीं, पूरे जिले में शिव-भक्ति की बही धारा

कुंडेश्वर धाम ही नहीं, बल्कि जिले के अन्य प्रमुख शिवालय जैसे प्रतापेश्वर मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर और चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हर मंदिर में घंटियों की गूंज और भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण पावन हो उठा। भक्तो ने सावन के आखिरी सोमबार को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

### स्त्री-पुरुष कतारें और चाक-चौबंद रही सुरक्षा

मंदिर ट्रस्ट द्वारा पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन में कोई अव्यवस्था न हो। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीओपी राहुल कटरे, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र छारी और देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव स्वयं मौके पर मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती रही, साथ ही मंदिर परिसर व चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिससे किसी भी स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा सके।

### भोलेनाथ तिरुपति स्वरूप में, सवा किलो भांग से होगा विशेष श्रृंगार

सोमवार शाम 5 बजे के बाद मंदिर का गर्भगृह आम भक्तों के लिए बंद करके भगवान भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार की तैयारी की गईं। इस विशेष आयोजन में भगवान शिव को तिरुपति बालाजी स्वरूप में सजाया गया, जिसमें सवा किलो भांग से शिवलिंग को श्रृंगारित किया गया। इसके बाद चांदी के आभूषण पहना कर शिव को रजत रूप में सजाया गया।

### रात्रि में होगी महाआरती और सांस्कृतिक भजन संध्या

शाम 7:30 बजे महाकाल ग्रुप गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर में महाआरती करेगा। आरती के बाद रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें दिल्ली की भजन गायिका ममता त्रिपाठी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगी। इस कार्यक्रम का संयोजन मुन्नालाल मिश्रा और संपूर्ण व्यवस्था मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के मार्गदर्शन में की जा रही है।

### श्रावण की पूर्णता नहीं, एक नई शुरुआत

श्रावण मास का अंतिम सोमवार यद्यपि पंचांग के अनुसार एक पूर्णता है, परंतु कुंडेश्वर धाम में यह एक नई शुरुआत की तरह रहा। जिसमें भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता की शुरुआत हुई। जहाँ हज़ारों श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के एक ही छांव में आकर शिव की शरण में समर्पित हों, तो यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मिक पुनर्जन्म बन जाता है।

### हत्या की जताई आशंका, जांच में जुटी पुलिस

# सुबह सैर पर निकले छात्र का तालाब में मिला शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के महेंद्र सागर तालाब में सोमवार सुबह एक 18 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गणेशगंज निवासी नितिन अहिरवार के रूप में हुई है, जो 11वीं कक्षा में अध्ययनरत था। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। परिजनों के अनुसार नितिन रोजाना सुबह सैर के लिए तालाब किनारे बने बायपास रोड की ओर जाया करता था। प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी वह सुबह करीब 5 बजे घर से निकला था, लेकिन कुछ घंटे बाद परिजनों को पुलिस से सूचना मिली कि तालाब में उसका शव मिला है। मृतक के पिता शैलेंद्र अहिरवार ने बेटे की मौत को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस से गणेशगंज से लेकर तालाब तक के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग की है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सुबह नितिन के साथ कोई और व्यक्ति था या ऐसा क्या हुआ कि उसका शव तालाब में मिला..?? कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम और बाढ़ से क्षति पर भी गहन चर्चा

# कलेक्टर श्रोत्रिय ने टीएल बैठक में दिए समयबद्ध ठोस कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को टीएल की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक के दौरान बाढ़ एबं अतिवृष्टि से हुई क्षति, फसलों की स्थिति, एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रगति सहित स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों की ईकेवाईसी प्रगति, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, कोर्ट मामलों व अवमानना प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की प्रगति को लेकर विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। लोकायुक्त कार्यालय एवं अन्य आयोगों से प्राप्त पत्रों के जवाब भेजे जाने, टीएल पत्रों पर हुई कार्यवाही, तथा जीर्णशीर्ण शाला भवनों की मरम्मत और कक्ष शिफ्टिंग की प्रगति का भी मूल्यांकन किया गया। कमिश्नर के 24 जुलाई के भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों की समयसीमा में पालना सुनिश्चित करने, सड़क सुरक्षा समिति की कार्यवाही पर अमल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमांकन की स्थिति पर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। साथ ही हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, तथा स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान की कार्ययोजना साझा की गई। मध्यप्रदेश तीर्थस्थान एवं मेला प्राधिकरण के अंतर्गत तीर्थ स्थलों के पंजीयन की स्थिति, राजस्व विभाग के लंबित कार्यों की प्रगति पर भी समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को ठोस और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त टीएल बैठक में अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, बल्देवगढ़ एसडीएम भारतीदेवी मिश्रा, जतारा एसडीएम संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ अभयारण्य, सिंचाई, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता की मांग

**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ ने दिगौड़ा तहसील मुख्यालय पर एकजुट होकर किसानों की समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। संगठन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें खेती-किसानी से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं और उनकी समाधान की मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि अतिवृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में सरकार द्वारा घोषित सर्वे कार्य निष्पक्षता से किया जाए और किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। किसानों ने उद्यानिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि सब्जी और फल उत्पादन का क्षेत्र इसलिए नहीं बढ़ पा रहा है क्योंकि विभाग का किसानों से कोई समन्वय नहीं है। इस दिशा में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं। भारतीय किसान संघ ने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि महाअभियानों के बाद भी वर्षों से फंसे मामले जस के तस हैं, और जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही नहीं होती। खुले बाजार में बिना बिल के बिक रहे बीज और दवाओं की बिक्री को लेकर भी चिंता जताई गई और मांग की गई कि ऐसे दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं। किसानों ने यह भी कहा कि आगामी रबी सीजन से पहले खाद और बीज की समुचित व्यवस्था कर ली जाए, ताकि फसल का नुकसान न हो। साथ ही जिले की लंबित सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र शुरू करने, और राजेंद्र सागर बांध, महेंद्र सागर तालाब सहित अन्य जल स्रोतों की नहरों को अतिक्रमण मुक्त कराने की जरूरत जताई। बिजली समस्या को लेकर भी ज्ञापन में किसानों ने चिंता जताई और कहा कि कई गांवों में बिजली लाइनें लटकी हुई हैं, जो दुर्घटनाओं को दावत दे रही हैं। साथ ही ट्रांसफॉर्मरों पर अत्यधिक लोड के कारण बार-बार बिजली गुल हो रही है, जिससे सिंचाई में भारी दिक्कतें आ रही हैं। किसानों ने जिले में बेसहारा गौवंश की बढ़ती समस्या को लेकर स्थायी गौ अभयारण्य की मांग की और साथ ही गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की भी बात कही। दिगौड़ा क्षेत्र के बानपुर रोड पर मुक्तिधाम से गायत्री मंदिर तक नाली निर्माण न होने से किसानों के खेतों में बारिश का पानी भर रहा है, जिसे तत्काल सुधारा जाना जरूरी बताया गया। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी किसानों ने सवाल उठाए। उन्होंने जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों द्वारा बाहर की महंगी दवाएं लिखे जाने पर नाराजगी जताई।

### पुलिस बल को ब्रीफिंग देते हुए सजग व संवेदनशील रहने की दी हिदायत

# एसपी ने संभाली कमानः सुरक्षा, यातायात घाट व दर्शन व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



सावन मास के अंतिम सोमवार को प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर मंदिर में पारंपरिक मेले का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मेले के दौरान मंदिर परिसर, घाटों और यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मौके पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा और एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में पुलिस ने ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया। सागर और ललितपुर की ओर से आने वाले वाहनों का मार्ग डायवर्ट कर ट्रैफिक को सुचारु बनाए रखने की रणनीति अपनाई गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन में भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इन कतारों में पुलिस बल की पृथक तैनाती की गई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नदी घाट पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ एसडीआरएफ की भी विशेष तैनाती की गई। घाट पर सुरक्षा निगरानी के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने मेले में तैनात पूरे पुलिस बल को ब्रीफिंग देते हुए उन्हें सजग और संवेदनशील रहने की हिदायत दी। साथ ही मेला क्षेत्र में एक कंट्रोल रूम स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित की गई है। जिला पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए यह भरोसा जताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने किया जाये प्रयासः नोडल अधिकारी चौहान



**टीकमगढ़।** भोपाल से आए जिले के ओआईसी और शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के स्टेट नोडल ऑफिसर अरविन्द सिंह चौहान ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी पीके माहौर और सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अंकित रावत के साथ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में जारी व्यवस्थाओ पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास किये जाये जिससे जनता को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। इस दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही सुविधाएं, दवाओं की उपलब्धता, विभिन्न प्रकार की जांच व्यवस्थाएं, टेलीमेडिसिन सेवा, स्वस्थ यकृत मिशन और दस्तक अभियान जैसी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान स्टेट नोडल ऑफिसर चौहान ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए और मौजूदा व्यवस्था पर संतोष जताया। मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुकृत जैन, फार्मासिस्ट विवेक शर्मा सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

### एसपी ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ खोला मोर्चा, गांव-गांव में जागरूकता की अलख

# थाने में सिर्फ शिकायत नहीं बल्कि समाधान व संवाद की भी होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अब पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की धुरी बनने जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिला पुलिस ने सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए एक विशेष जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त उन कुप्रथाओं और समस्याओं के प्रति आमजन को जागरूक करना है, जो आज भी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में गहराई से जड़ें जमाए हुए हैं।

### संवाद और विश्वास की नई परंपरा की शुरुआत

अभियान की शुरुआत के साथ ही पुलिस ने संवाद एवं विश्वास की एक नई परंपरा की नींव रखी है, जिसमें आम नागरिकों को न केवल कानून की जानकारी दी जाएगी, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में उन्हें सहभागी भी बनाया जाएगा। खासकर महिलाओं, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों की इस अभियान में विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



### ग्रामीण अंचलों में चौपाल और शिविर होंगे आयोजित

अभियान के तहत दूरस्थ आदिवासी और सीमावर्ती गाँवों में चौपाल, शिविर एवं जनसंवाद का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों को कानूनी अधिकार, सामाजिक जिम्मेदारियाँ और सामाजिक बुराइयों के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है। 3 अगस्त को आयोजित जनसंवाद में कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, नशा सेवन, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा और विवाह आयोजनों में ध्वनि प्रदूषण जैसे विषय शामिल रहे। इन मुद्दों पर केवल चर्चा नहीं हुई, बल्कि समाधान की दिशा में भी सुझाव दिए गए और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही गई।

### महिला सुरक्षा और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता

अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा को लेकर नीड, परी, भरोसा, सहारा, आसरा जैसी योजनाओं को सक्रिय किया गया है। इसके साथ ही युवाओं के बीच फैल रही नशे की लत को रोकने के लिए 'नशा मुक्त समाज' नामक सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानने और सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान योजनाह्व की भी शुरुआत की गई है।

### सामाजिक जिम्मेदारी की ओर कदम

इस पूरे अभियान का फोकस उन क्षेत्रों पर है, जो अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से वंचित हैं। इन बस्तियों में अभियान चलाकर जनचेतना जगाने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी मंडलोई का मानना है कि जब तक समाज में कुरीतियाँ जीवित हैं, तब तक विकास अधूरा है। पुलिस और समाज साथ मिलकर चलें, तभी सामाजिक परिवर्तन की स्थायी नींव रखी जा सकेगी।

### पुलिस अधीक्षक मंडलोई का जनता को संदेश

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जब तक समाज में कुरीतियाँ जीवित हैं, तब तक विकास अधूरा है। पुलिस और समाज साथ मिलकर चलें, तभी सामाजिक परिवर्तन की स्थायी नींव रखी जा सकती है। जिला पुलिस की इस पहल को जनसहयोग के बिना सफल नहीं बनाया जा सकता। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मुहिम में भागीदारी कर एक बेहतर, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में योगदान दें।

## जल संसाधन मंत्री के जवाब को विधायक जंडेल ने झूठा बताकर की पीएस से शिकायत

# मंत्री:71.42 लाख खर्च हुए आवदा डैम मेंटेनेंस में विधायक: एक धेला भी खर्च नहीं, झूठी दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आवदा डैम के मेंटेनेंस को लेकर विधायक बाबू जंडेल द्वारा लगाए गए प्रश्न के जवाब में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा विधानसभा में दिए गए जवाब पर हंगामा व्याप्त हो गया है, विधायक जंडेल ने मंत्री के जवाब को सच्चाई से परे बताते हुए विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है उधर मंत्री सिलावट अभी भी अपने दिए वक्तव्य पर अड़े हुए हैं। दरअसल श्योपुर विधायक जंडेल ने वर्ष 2021 में आई बाढ़ के बाद आवदा डैम के मेंटेनेंस के लिए भेजे गए प्रस्ताव के बारे में जानकारी मांगी थी जिसमें जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने जवाब दिया था कि 2021 में आई बाढ़ के बाद डैम के मेंटेनेंस के लिए 1311.15 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है जो अभी स्वीकृत नहीं हुआ है, जबकि बांध के टो का मरम्मत कार्य एसडीएमएफ मद से राशि 71.42 लाख रुपए से कराया जा चुका है। विधायक जंडेल ने मंत्री के द्वारा दी गई इस जानकारी को झूठा बताते हुए एक धेला भी खर्च नहीं किए जाने की बात कही है।

दरअसल विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण में प्रश्न लगाया था कि 2021 में आई भीषण बाढ़ के दौरान सिंधिया रियासत काल में बने आवदा बांध में दरार आ गई थी। इस संबंध में मुख्य अभियंता यमुना कछार जलसंसाधन विभाग ग्वालियर ने बांध की मरम्मत के लिए 1000.50 लाख रुपए की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति जारी कर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रेषित किया था। अभी तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान क्यों नहीं की गई। इस प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि आवदा बांध की वेस्ट वियर से पानी ओवर फ्लो होने के कारण मिट्टी बांध एवं टो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। बांध की टो का मरम्मत कार्य एसडीएमएफ मद से राशि 71.42 रुपए में कराया जा चुका है। तथा बांध के मरम्मत कार्य के लिए 1311.15 लाख रुपए विभाग स्तर पर प्रक्रियाधीन है। यही बात विधायक के गले नहीं उतर रही है उनका दावा है कि जो 71.42 लाख मेंटेनेंस में खर्च होना बताए गए हैं वह सरासर झूठ है वहां 1 रुपया भी खर्च नहीं किया गया है।

### सोशल मीडिया पर छाया मुद्दा

विधायक बाबू जंडेल द्वारा विधानसभा में आवदा डैम को लेकर लगाया गया प्रश्न और उसका मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा दिया गया जवाब इन दिनों श्योपुर जिले में सोशल मीडिया की सुर्खी बना हुआ है विधायक बाबू जंडेल ने खुद इसे सोशल मीडिया पर डालकर सरकार को घेरने का प्रयास करते हुए विधानसभा में मंत्री द्वारा झूठी जानकारी देने का उल्लेख किया है। विधायक के समर्थकों ने भी उनकी इस पोस्ट को शेयर किया है। पोस्ट पर कई लोगों के सरकार ओर मंत्री के खिलाफ़ कमेंट्स आ रहे हैं। ज्ञात हो कि आवदा डैम श्योपुर बड़ौदा बत्तीसा क्षेत्र और खासकर शहर के लिए इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि 2021 में आई बाढ़ को लोगों ने इसी बांध के माध्यम से जोड़कर अफ़वाह उड़ाई थी। उस समय फैलाई गई अफवाह का कितना अधिक भय लोगों में बैठा हुआ है कि 4 साल बाद 30 जुलाई 2025 को बने बाढ़ जैसे हालात के बीच प्रशासन को अपील करनी पड़ी कि आवदा डैम अच्छी हालात में है घबराए नहीं अफ़वाह न फैलाएं। और यही कारण है कि आवदा डैम को लेकर लोग हमेशा अधिक गंभीर बने रहते हैं।

### क्या बोले मंत्री और विधायक

मैंने प्रश्न लगाते हुए चिंता जताई थी कि आवदा डैम खुले मैदान में बना हुआ है कोई पहाड़ियों से घिरा नहीं है वर्ष 2021 में आई बाढ़ के बाद डैम कमज़ोर हुआ है जिसका मेंटेनेंस के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा भी की थी एस्टीमेट भी बनाया था प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी थी वित्तीय स्वीकृति का क्या हुआ? इस पर मंत्री ने 71.42 लाख रुपए से डैम के मेंटेनेंस की बात बताई है जो असत्य है मैंने इसकी शिकायत विधानसभा प्रमुख सचिव को करते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है।

**बाबू जंडेल**
**विधायक श्योपुर**

आवदा बांध की वेस्ट वियर से पानी ओवर फ्लो होने के कारण मिट्टी बांध एवं टो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। बांध की टो का मरम्मत कार्य एसडीएमएफ मद से राशि 71.42 रुपए में कराया जा चुका है। तथा बांध के मरम्मत कार्य के लिए 1311.15 लाख रुपए विभाग स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

**तुलसी सिलावट**
**जल संसाधन मंत्री मप्र सरकार**

### 2023 बैच के आईएएस अफसर है गगन सिंह

# श्योपुर पहुंचे नवागत एसडीएम, संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



आईएएस गगन सिंह मीणा उज्जैन से रिलीव होने के बाद श्योपुर पहुंच गए है। सोमवार को उन्होने कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात करने के बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से एसडीएम श्योपुर का पदभार ग्रहण किया और कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित प्रशासनिक बैठक में भाग लिया। बता दें कि श्योपुर एसडीएम बनकर श्योपुर जिले में आए गगन सिंह मीणा वर्ष 2023 बैंच के आईएएस अफसर है। इसके पहले वे उज्जैन में बतौर सहायक कलेक्टर पदस्थ थे,जहां से उन्हें शासन ने स्थानांतरण करते हुए एसडीएम श्योपुर बनाकर यहां भेजा है।

# पिता-पुत्र के खिलाफ कोतवाली में मारपीट की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की मधुवन कॉलोनी में दो पडोसियों के बीच हुए विवाद के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसमें पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि बृजेश शर्मा और प्रमोद गोयल आपस में पडोसी है। इनके बीच पिछले दिनों विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनो पक्षों की ओर से एफआईआर के लिए आवेदन दिए गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रमोद गोयल की रिपोर्ट पर पहले ही एफआईआर दर्ज हो गई है। वहीं अब बृजेश शर्मा की रिपोर्ट पर जांच के बाद प्रमोद गोयल और सुधांशु गोयल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# स्कूल भवन गिरने के बाद पेड़ के नीचे लग रही हैं क्लासें, बच्चे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दिनों राडेप के हाईस्कूल एकीकृत शाला की पुरानी बिल्डिंग गिर जाने के बाद इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई की समस्या खड़ी हो गई है। छोटा भवन होने के चलते वैसे ही भवन में स्कूल दो शिफ्टों में संचालित किया जा रहा था अब स्कूल भवन विहीन हो जाने के बाद बच्चों को आसमान के नीचे खुले में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। उधर यह स्कूल गिरा है या गिराया गया है इस मामले में शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। अलबत्ता कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश पर डीईओ एमएल गर्ग ने इस मामले की पड़ताल के लिए 4 सदस्यीय दल गठित कर जांच करा ली है लेकिन जांच में क्या सच्चाई निकलकर सामने आई है यह नहीं बताया गया है।

ग्राम राडेप में स्कूल भवन गिराने को लेकर स्कूल के प्रिंसिपल महेश शर्मा ने आवदा थाने पहुंचकर आवेदन दिया था पर आवेदन में भवन गिराने वाले ग्रामीणों के नाम नहीं होने के कारण पुलिस ने फिलहाल इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में शिक्षक दबी जुबान से ग्रामीणों द्वारा बिल्डिंग गिराने की बात तो स्वीकार कर रहे हैं लेकिन बिल्डिंग किसने गिराई यह कहने को तैयार नहीं है, कुछ लोगों का कहना है कि बिल्डिंग जर्जर थी और कभी भी गिर सकती थी जिससे जनहानि होना संभव थी इसलिए अभिभावकों ने ही बिल्डिंग को गिराया है। स्कूल दो पालियों में लगाया जा रहा है सुबह की पाली में सुबह 7 से 12 बजे तक कक्षा 1 से पांचवी तक एवं दोपहर की पाली में दोपहर 12:00 से 5:00 बजे में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चे पढ़ाए जा रहे हैं पर अब स्कूल खुले मैदान में लगाया जा रहा है।

### इनका कहना...

डीईओ ने दो प्रिंसिपल और दो सीएससी सहित चार सदस्य जांच दल गठित किया है जिसने मौके पर पहुंच कर जांच कर ली है जांच प्रतिवेदन सौंप दिया है। जांच से ही पता चलेगा कि बिल्डिंग किसी ने गिराई है या स्वतः ही गिरी है।

**मधु शर्मा**
**बीईओ श्योपुर**

बिल्डिंग कैसे गिरी यह बात मायने नहीं रखती मायने यह बात रखती है कि बच्चे खुले में पढ़ने को मजबूर हैं। उन्हें बिल्डिंग में बैठाकर पढ़ाया जाए। स्कूल के भवन के लिए ज़मीन चिन्हित ओर आवंटित है प्रशासन वहां तत्काल भवन निर्माण शुरू करवाए। में जिला पंचायत से प्रस्ताव बनवाकर बिल्डिंग बनवाने का प्रयास करूंगा।

**नीरज जाट**
**जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्योपुर**

# सभी मुक्तिधामों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम




**श्योपुर।** शंकरपुर के मुक्तिधाम में फसल खडी होने और वहां ग्रामीणों के भारी परेशानी उठाकर अंतिम संस्कार किए जाने संबंधी मामला सामने आने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस संबंध में गंभीरता दिखाते हुए सोमवार को टीएल बैठक में उपस्थित अधिकारियों को साफ निर्देश जारी कर दिए कि जिले के सभी ग्रामों में मुक्तिधाम पर सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाए। मुक्तिधाम की साफ-सफाई के साथ ही सुलभ आवागमन के दृष्टिगत रास्तो की सफाई कराई जायें। छाया, पानी के साथ ही चबूतरा एवं शैड, पौधरोपण के कार्य भी कराए जाए। यदि कहीं रास्तों पर अतिक्रमण है तो राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सीईओ जनपद सहित सीएफटी (कलस्टर लेबल) में शामिल अधिकारी भी मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करे। कलेक्टर ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खातौली स्थित पार्वती नदी के पुल पर नदी का जलस्तर बढने से क्षतिग्रस्त हुई रैलिंग की मरम्मत कर व्यवस्थित किया जायें। इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नवागत एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलों में फेकल्टी की कमी है, वहां फेकल्टी बढाने के लिए प्रस्ताव भेजे जायें तथा वैकल्पिक तौर पर विषय की आवश्यकतानुसार अतिथि शिक्षक रखने हेतु विभागीय स्तर से अनुमति प्राप्त की जाए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी विभाग शिकायतों का निराकरण समय सीमा में गंभीरतापूर्वक करें, इस माह की रैकिंग में श्योपुर जिले को 17वा स्थान हासिल हुआ है। उन्होने कहा कि टॉप-10 रैकिंग के लक्ष्य अनुसार शिकायतों के निराकरण में त्वरित कार्यवाही की जायें तथा सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# एबीवीपी नगर इकाई विजयपुर की कार्यकारिणी घोषित, अविनाश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

विजयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई विजयपुर का एक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया,साथही विजयपुर की नगर कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई।जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि विजयपुर की घोषित की गई नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष अविनाश शर्मा, नगर मंत्री अभय बैरागी, नगर उपाध्यक्ष सुनील धाकड़, मोनू कुशवाह, हर्ष जादोन, नगर सह मंत्री ऋषभ गोयल, प्रियांशु बैरागी, कान्हा समाधिया, कार्यालय मंत्री अरुण बैरागी, सोशल मीडिया प्रभारी रानू बैरागी, सोशल मीडिया सह प्रभारी सचिन गौड़, कलामंच प्रमुख रागिनी धाकड़, कलामंच सह प्रमुख सोनम धाकड़, जनजातीय छात्रा प्रमुख अंकिता धाकड़, छात्रावास प्रमुख अम्बिका गौड़, एसएफडी प्रमुख कुलदीप शाक्य, एसएफडी सह प्रमुख रोहित धाकड़, महाविद्यालय प्रमुख रवि गौड़, महाविद्यालय सह प्रमुख गौतम जादोन, विद्यालय प्रमुख केशव रावत, एसएफएस प्रमुख ब्रजेश राठौर, एसएफएस सह प्रमुख आशीष धाकड़, कोषाध्यक्ष किशन सोनी, छात्रा कार्य प्रमुख अनन्या कुशवाह, कार्यकारिणी सदस्य ईशू गौड़, सत्यम रावत, जतिन रावत, अंकेश कुशवाह, दीपक रावत, अंकिता कुशवाह, धीरज कुशवाह, अंकेश रावत, ईशान खान को नवीन दायित्व सौंपे गए।

# आवारा कुत्तों के हमले में बछिया घायल ज़िपं उपाध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



गुजरी रात वार्ड क्रमांक 10 में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बछिया पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने मोहल्लावासियों की मदद से बछिया को कुत्तों का शिकार होने से बचाया लेकिन वह बुरी तरह घायल हो गई।

शहर के वार्ड नंबर 10 में रात्रि में 12 बजे के करीब आवारा कुत्तों के झुंड ने एक गाय व बछिया को शिकार समझ घेर लिया इस दौरान लोगों के चिल्लाने पर कुत्तों ने गाय को तो छोड दिया लेकिन बछिया को मुंह में दबा कर दूर तक ले गए, बस्ती में ही रहने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट और मोहल्लेवासियो ने पत्थर फेंककर ओर डंडे मार कर कुत्तों को भगाया लेकिन कुत्तों के हमले में बछिया बुरी तरह घायल हो गई थी, घायल बछिया के इलाज़ के लिए पशु चिकित्सकों को कॉल लगाए गए लेकिन अधिकतर पशु चिकित्सको ने रात अधिक होने या सो जाने के कारण कोल अटेंड नहीं किया बाद में पशु अस्पताल पहुंचे कप्तान राणा अपनी बाइक पर नरेन्द्र सिसोदिया नामक चिकित्सक को बैठाकर लाए जिसने बछिया का इलाज़ किया। इस काम में समाजसेवी पत्रकार कृष्णकांत उपाध्याय आदि ने सराहनीय भूमिका अदा की।

### गाजे-बाजे के साथ निकली कांवड़ यात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# कांवड़ यात्रा से शिवमय हुआ श्योपुर का वातावरण गूंजे हर हर महादेव के जयकारे और देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



सावन के चौथे सोमवार को शहर में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जो संख्या बल के हिसाब से इस साल अभी तक निकाली गई कावड़ यात्राओ में सबसे बडी मानी जा रही है। इस कावड यात्रा के दौरान शिव की नगरी श्योपुर का वातावरण पूरी तरह शिव मय होता नजर आया। कावड यात्रा में हर हर महादेव के जयकारे और देशभक्ति के नारों ने कावड यात्रा में शामिल भक्तों के जोश को दो गुना कर दिया। दोपहर करीब 12 बजे कलारना रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर से आरंभ हुई इस कावड यात्रा में जो कावड भक्तों के द्वारा ली गई,उनमें पांच नदियों का जल भरा गया। कावड लेने पहुंचे लोगों को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र सिंह जाट ने कावड़ देकर रवाना किया।

करीब 4 किलोमीटर से भी अधिक का यह सफर कावड़ियो ने डीजे की धुन पर थिरकते हुए पूरा किया। कावड़ यात्रा के प्रति जनमानस में कितना उत्साह था इसका अंदाजा इसी बात से लग रहा था कि शहर के पाली रोड जब कावड़ यात्रा पहुंची, तब काफी दूर तक कावड़ ही कावड दिखाई पड़ी। इस कावड यात्रा में भगवान भोलेनाथ और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर सजाई झांकी भी खास आकर्षण का केन्द्र थी। इस कावड यात्रा का लोगों ने जगह-जगह मंच लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और कावडियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। जगह जगह सार्वजनिक स्थलों पर कावड़ यात्रा के स्वागत वाले होर्डिंग बैनर लगाए गए थे। कावड यात्रा जय स्तंभ से गांधी पार्क, नगर पालिका, मेन बाजार, किला रोड होते हुए सोनघटा स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची। जहां कावडों में भरकर लाए गए जल से भगवान सोनेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया। इस दौरान वातावरण हर हर महादेव के जयकारों से गुंजाएमान होता रहा जिसने माहौल को भक्ति मय बनाने का काम किया। इस कावड यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, नपाध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग, सहित कई राजनेतागण तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बडी संख्या में शामिल थे। जबकि कावड यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से कावड यात्रा के साथ एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, कोतवाली टीआई सतीश चौहान आदि पुलिस कर्मी चल रहे थे।



### कांवड़ यात्रा में महिला और युवतियों ने भी दिखाया उत्साह

गाजेबाजे के साथ निकली इस विशाल कावड यात्रा में जहां सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया है,वहीं महिला और युवतियों के द्वारा उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए कावड उठाई। जिसके चलते बडी संख्या में महिला व युवतियां कावड लेकर इस कावड यात्रा में जयकारो लगाते हुए पैदल चलती हुई नजर आई।

### गौतम ब्राह्मण समाज ने भी किया स्वागत




इस कावड यात्रा का शहर में जगह जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में किला रोड स्थित गुर्जर गौड ब्राह्मण धर्मशाला पर गौतम ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए कावड यात्रा का स्वागत किया गया।

# पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा ने दिखाए प्रशासन के विरुद्ध बगावती तेवर

**सिविल अस्पताल पुराने भवन वाले स्थान पर बनाने सौंपा ज्ञापन आंदोलन की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



विजयपुर में सिविल अस्पताल के लिए बिल्डिंग नगर से बाहर बनाए जाने के विरोध में नागरिकों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान अस्पताल परिसर के पास एक जनसभा भी की गई जिसमें विजयपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा के कद्दावर नेता बाबूलाल मेवरा के जनसभा को संबोधित करते हुए बगावती तेवर भी दिखाए। इस दौरान मेवरा ने कलेक्टर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपस्थित सभी को चौंका दिया।

विजयपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं जिला अस्पताल जैसी उपलब्ध कराने के गरज से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल हॉस्पिटल का दर्जा दिया गया है साथ ही सिविल अस्पताल के लायक बड़ा भवन भी स्वीकृत हो चुका है पर यह भवन शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर बनाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वहां पहुंचना मुश्किल होगा इसलिए पुराने भवन को तोड़कर ही नया भवन बनाया जाए इस मांग को लेकर सोमवार को तहसीलदार को पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया इससे पहले आयोजित जनसभा में पूर्व विधायक के बगावती तेवर देखने को मिले। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सिविल हॉस्पिटल विजयपुर के भीतर बनाने के लिए धरना प्रदर्शन नहीं करेंगे बल्कि हम ग्वालियर की सेंट्रल जेल भरेंगे उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह उनके साथ आए मैं जेल जाने को तैयार हूं अगर 2000 लोग मेरे साथ ग्वालियर की जेल में जाने को तैयार हो जाते हैं तो कलेक्टर को भाग कर यहां आना पड़ेगा और हमारी मांगे मानना पड़ेगी।

जिस तरह पूर्व विधायक मेवरा ने जनसभा को संबोधित करते हुए बगावती तेवर दिखाए,उससे उनकी भाजपा और सरकार के प्रति नाराजगी उजागर होती भी दिखाई दी।

## खबर संक्षेप



### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने चंदेरी में बलवीर सिंह यादव बने अध्यक्ष

**अशोकनगर।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाने हेतु हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए पंनखुआ सिद्ध स्थान चन्देरी पर यादव महासभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजयप्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम दिनांक 18 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। जिसके अध्यक्ष बलवीरसिंह यादव सरपंच ख़ाकरोन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया रामभरत यादव मुखिया खागल को कोषाध्यक्ष बनाया गया कार्यक्रम उपरांत आय व्यय के लिए दृगपालसिंह यादव कनावटा गांधी यादव मीठाखेड़ा को बनाया गया बैठक में जिले से सभी यादव समाज के बरिष्ट गणमान्य व्यक्ति सामिल हुए बैठक उपरांत यादव महासभा चन्देरी अध्यक्ष जयराम सिंह यादव सिंहपुर चालदा ने सहभोज का आयोजन किया।

### जिले में मारपीट की कई घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बाजार



निवासी सुरेन्द्र सिंह वैस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमप्रकाश शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया कला निवासी मोतीलाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बीरन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छैवलाई निवासी संग्रामसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रथ्वी अहिरवार और गुमान सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत करातला निवासी ओमकार वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हनुमंत वंशकार और कृष्णाबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडरी सेहराई निवासी अरविंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरीसिंह और शुभम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं जिले की ईसागढ़ थाने की पुलिस ने सहवदीप सिंह निवासी भगवानपुर के पास से 15 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी निवासी संजना पत्नी सुनील सांसी के पास से 9 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## प्रेम विवाह को लेकर मामला पुरानी रंजिश का, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

# वृद्धा की मारपीट कर अनाज फ्रिज सहित 30 हजार की सामग्री लूट ले गए दबंग


### फरियादी महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में किया मामला पंजीबद्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

भौती थाना क्षेत्र के नंदना गांव में बीते रोज पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ दवगों ने घर पर जाकर वृद्ध दंपति पर हमला बोलकर मारपीट कर दी और उनकी दुकान में रखी सामग्री ट्रैक्टर में रखकर हड़प ली गई जिस पर फरियादिया की शिकायत पर भौती पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है । जानकारी के मुताबिक 3 अगस्त की शाम 5.00 बजे फरियादिया कामता परिहार पत्नी धनीराम परिहार अपने घर पर थे एवं कामता का भाई कप्तान एवं बहन का लड़का वेदांत उसके घर पर आए हुए थे। तभी गांव के दबंग हाथ में लाठी एवं डंडे लेकर आए कल्ली उर्फ अभिषेक खान, सोनू खान निवासीगण नंदना ने जाति सूचक गाली दी एवं मना करने पर वृद्ध महिला की मारपीट कर दी जब महिला का पति धनीराम बचाने आया तो टट्टू चौहान और केपी चौहान पिपरोनिया ने धनीराम परिहार की मारपीट कर दी एवं टट्टू चौहान और केपी चौहान महिंद्रा ट्रैक्टर से आए हुए थे और उसी ट्रैक्टर में महिला की दुकान में रखा सामान एवं फ्रिज गेहूं के 9 बोरा लेकर फरार हो गए एवं उक्त घटना के संबंध में जब घायल अवस्था में महिला भौती थाना पहुंची तो महिला की बात को गंभीरता से लेते हुए भौती पुलिस ने हरिजन एक्ट सहित अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों के द्वारा यह झगड़ा पुरानी रंजिश को लेकर किया गया है यहां पर बता दें कि सोनू खान के भाई अफसर खान की बेटी करीना खान ने फरियादिया श्रीमती कामता परिहार के लड़के जितेंद्र परिहार के साथ कुछ महीना पहले भाग गई थी बाहर जाकर दिल्ली में इन दोनों ने कोर्ट मैरिज कर शादी कर ली इसी रंजिश को लेकर उक्त आरोपियों ने महीला सहित उसके पति पर हमला कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

### शातिर अपराधी महेंद्र सिंह उर्फ बड़े राजा के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई की मांग



**शिवपुरी।** जिले में लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय महेंद्र सिंह उर्फ बड़े राजा पुत्र वीरेंद्र सिंह परमार, निवासी ग्राम तिधारी, थाना भौंती, के खिलाफ पुलिस और स्थानीय प्रशासन की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। इस आदतन अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, मारपीट, खनिज अधिनियम, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट और शांति भंग जैसे गंभीर अपराधों के तहत आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वर्तमान में थाना अमोला के दो मामलों में उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है, और वह पिछले 14 वर्षों से लगातार अपराध कर रहा है। हाल ही में अपराध क्रमांक 100-25 के तहत धारा 25-27 आर्म्स एक्ट में भी उसकी जमानत याचिका हाई कोर्ट खंड पीट ग्वालियर से निरस्त हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह शातिर अपराधी न केवल गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त हैए बल्कि पुलिस पर दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायतें दर्ज करवाकर कानून.व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है। उसका मकसद कम समय में अवैध तरीकों से अधिक धन अर्जित करना और पुलिस को दबाव में रखना है। शिवपुरी पुलिस, विशेषकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में, स्मैक, सट्टा और जुआ जैसे अपराधों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। लेकिन इस तरह के शातिर अपराधी बार-बार पुलिस की मेहनत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस अधिकारियों का मानना है कि महेंद्र सिंह जैसे अपराधियों पर अब और सख्ती की जरूरत है। जिले के भौंती, करैरा, पिछोर और अमोला थानों में दर्ज मामलों के बावजूद उसकी आपराधिक गतिविधियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने जिले में अपराध नियंत्रण के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। लेकिन ऐसे अपराधियों के खिलाफ जिला बदर या राष्ट्रीय सुरक्षा कानून रासुका जैसी कठोर कार्रवाइयों की मांग जोर पकड़ रही है। जानकारों का कहना है कि ऐसी कार्रवाइयां न केवल अपराध पर अंकुश लगाएंगीए बल्कि पुलिस कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाएंगी, जो झूठी शिकायतों के कारण हतोत्साहित होते हैं। पुलिस की सक्रियता और निगरानी के बावजूद महेंद्र सिंह की फरारी और उसकी शातिर चालें जिले में कानून.व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई हैं। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस तरह के अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाएए ताकि न केवल अपराध की रोकथाम होए बल्कि थाना स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों का उत्साह भी बढ़े। पुलिस अधीक्षक राठौड़ के नेतृत्व में शिवपुरी पुलिस इस दिशा में तेजी से काम कर रही है और जल्द ही इस शातिर अपराधी को सलाखों के पीछे लाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सफाई देती रही शिक्षिका...

# 'थोड़ी सी जमीन पर खेती की तो क्या गलत किया?'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

**स्कूल की प्रधानाध्यापक ने ही खेल के मैदान में कर डाली खेती**

खनियाधाना विकासखंड अंतर्गत ग्राम झूतरी में माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने स्कूल के खेल मैदान में खेती कर डाली। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों को दर्ज करवाई है। डीपीसी ने पूरे मामले की विवेचना शुरू करवा दी है। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार शासकीय माध्यमिक विद्यालय झूतरी में प्रधानाध्यापक के पद पर रजनी पचौरी नाम की शिक्षिका पदस्थ है। शिक्षिका ने स्कूल के दो बीघा के खेल मैदान में जुताई करवा कर मूंग की फसल की बोबनी कर दी है। इससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने में परेशानी आ रही है। ग्रामीणों ने जब इस संबंध में महिला शिक्षिका रजनी पचौरी से बात की तो उनका कहना था कि बच्चों के खेलने के लिए काफी जगह पड़ी हुई है। उसने अगर थोड़ी सी जमीन पर खेती कर ली है तो उसमें क्या गलत कर दिया है। कलेक्टर को दर्ज कराई गई उक्त शिकायत पर डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीपीसी सिकरवार के अनुसार उन्होंने बीआरसीसी को भेजकर पंचनामा आदि बनवा लिया है। उनके अनुसार मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल का खेल मैदान है, वही रहेगा

ग्रामीणों ने अधिकारियों को शिकायत दर्ज करवा कर शिक्षिका के कब्जे से अतिक्रमित खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है। इस पर डीपीसी का कहना है कि स्कूल का खेल मैदान, स्कूल का ही रहेगा। इसका उपयोग बच्चों के खेलने के लिए ही किया जाएगा। इस पर कोई अतिक्रमण नहीं कर पाएगा।

### वर्तमान सरपंच नेहा महेंद्र यादव ने जनपद सीईओ

# पूर्व सरपंच ने चौपाल पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

करेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डामरौन खुर्द में एक अजीबो गरीबों मामला सामने आया है जिसमें ग्राम के पूर्व सरपंच रामराज यादव ने सार्वजनिक चौपाल पर मंदिर निर्माण बताकर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जिसकी शिकायत बीते रोज वर्तमान सरपंच नेहा महेंद्र यादव के द्वारा ग्राम पंचायत के लेटर पैड के माध्यम से जनपद सीईओ करेरा से इसकी शिकायत की गई थी लेकिन अभी तक इस मामले को लेकर कोई कार्यवाही जनपद सीईओ के द्वारा नहीं की गई है एवं इस अवैध निर्माण को रोकने को लेकर वर्तमान सरपंच ने नोटिस के माध्यम से पूर्व सरपंच को सूचना भी दी थी एवं पूर्व सरपंच की तरफ से जवाब आया कि सार्वजनिक चबूतरा भी होता है और मंदिर भी सार्वजनिक होता है मैं कोई अपना पर्सनल मकान नहीं बना रहा हूं मंदिर भी समस्त हिंदुओं का आस्था का प्रतीक है वर्तमान सरपंच का कहना है कि यह एक अवैध निर्माण के दायरे में आता है और इस तरीके के अवैध निर्माण करने वालों के ऊपर कार्यवाही करना उचित है हालांकि देखना यह है कि अब संबंधित प्रशासनिक अधिकारी क्या कार्यवाही करते।

#### इनका कहना है

मामला मेरे संज्ञान में आ चुका है इस तरह की कोई गाइडलाइंस नहीं है निर्माण कराने की मैंने ग्राम पंचायत सचिव को आदेश दे दिया है पूर्व सरपंच के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने का
**श्री हेमंत सूत्रकर** जनपद सीईओ करेरा

हां सार्वजनिक चबूतरे पर मैं मंदिर निर्माण कर रहा हूं मंदिर भी सार्वजनिक होता है इसमें दिक्कत वाली बात क्या है
श्रीरामराजा यादव, पूर्व सरपंच ग्राम **पंचायत** डमरोंनखुर्द

# अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण



**अशोकनगर।** जिले में 26 से 30 जुलाई के बीच हुई अतिवृष्टि से जिले की 04 तहसीलों के प्रभावित हुए 129 पीडित परिवारों को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में आर.बी.सी. (6-4) की कंडिका 4 (2) के प्रावधान अनुसार प्राकृतिक आपदा के कारण मकान नष्ट हो जायें या क्षतिग्रस्त हो जाये तो पीडित परिवारों को प्रति परिवार 50 कि.ग्रा. खाद्यान्न (गेहूँ चावल) की तात्कालिक सहायता प्रदाय की गई है। तहसील ईसागढ के ग्राम छिकरी का 01 परिवार, तहसील अशोकनगर के ग्राम शंकरपुर के 32 परिवार, तहसील नईसराय के ग्राम अमरोद सिंगराना के 06 परिवार, ग्राम आमखेडा उर्फ नईसराय का 01 परिवार, ग्राम तिगरी शाजापुर के 13 परिवार, ग्राम अखाईघाट के 04 परिवार एवं तहसील बहादुरपुर के ग्राम बरखेडा जमाल के 63 परिवार तथा ग्राम गोरा के 09 इस प्रकार कुल 129 परिवारों को 50 कि.ग्रा. प्रति परिवार के मान से कुल 6450 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रदान किया गया है। कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में रविवार को तहसील नईसराय अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ग्राम शाजापुर, अखाईघाट, बिसौर सपेरा डेरा, आदिवासी बस्ती में खाद्यान्न सम्बन्धित सामग्री (जिसमें 05 किलो चावल, 05 किलो आटा,01 लिटर तेल, 02 किलो दाल, चीनी, चाय पत्ती, मसाले आदि) वितरित की गई।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों के लिए सर्व समाज की बैठक संपन्न

### मंदिर परिसर के जेल में भगवान का जन्म महोत्सव मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को दोपहर युगल सरकार मंदिर में तैयारी को लेकर सर्व समाज की बैठक हुई। इस बैठक में सभी समाजों के लोगों ने हिस्सा लिया और आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर और आसपास के इलाके में भीड़ रहती है। इसे देखते हुए एक रूपरेखा तैयार की गई है। दो वाहन पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे- एक रघुवंशी धर्मशाला में और दूसरा श्री कृष्णा संस्थान परिसर में संस्थान के गेट और रघुवंशी धर्मशाला के पास तक बैरिकेडिंग की जाएगी। एक तरफ की सड़क को बंद रखा जाएगा। वाहनों का आवागमन दूसरी ओर से होगा।

बैरिकेड किए गए स्थान को आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। शनि मंदिर तक भी आकर्षक लाइटें लगाई जाएंगी। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।



सभी समाजों के प्रतिनिधियों समाजसेवियों ने भगवान के जन्म महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत जेल से होगी। सबसे पहले जेल में जाकर भगवान का जन्मदिन मनाया जाएगा और कैदियों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके बाद शहर में भक्ति चल समारोह निकाला जाएगा। इस शोभायात्रा में भगवान की आकर्षक झांकियां और भक्त मंडलियां शामिल होंगी। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर पछाड़ीखेड़ा, फुट ओवर ब्रिज, गांधी पार्क, पुराना बाजार रोड़, प्रोसेशन रोड, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क से गांधी पार्क होते हुए मंदिर पहुंचेंगे। शहर में कई घंटों तक चल चल समारोह निकाला जाएगा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। रात को मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन होगा। सुबह से ही मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण होगा। आधी रात को भगवान कृष्ण का जन्म महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

### लायंस क्लब गोल्ड संस्था के जिला अध्यक्ष बने रघुवंशी

**अशोकनगर।** शहर में सामाजिक, धार्मिक और सेवा कार्यों में अपनी पहचान बनाने वाले धर्मेंद्र रघुवंशी को सर्व सम्मति से नवीन जिम्मेदारी सौंपते हुए लायंस क्लब गोल्ड समाज सेवा संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया है। विगत रोज 2 अगस्त को शहर के एक निजी संस्थान भवन में लायंस क्लब गोल्ड सेवा संस्था की जिला अध्यक्ष पद पर सेवा भावी धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा को उनकी सामाजिक स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए मनोनीत किया है, लायंस क्लब गोल्ड संस्था में सचिव की जिम्मेदारी संतोष शर्मा को मिली है कोषाध्यक्ष के लिए विष्णु शर्मा को जिम्मेदारी मिली एवं उपाध्यक्ष डीपी गुप्ता को बनाया गया है। इस अवसर पर जिले के जन प्रतिनिधियों, सेवा संस्थाओं सहित गणमान्य नागरिकों ने लायंस क्लब गोल्ड में बनाए गए नवीन पदाधिकारियों को सेवा क्षेत्र की शुभकामनाएं दी है इस अवसर पर क्लब के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री नाभिनंदन दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री ने दिए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जो व्यक्ति अपने धर्म ध्यान में भगवान की भक्ति पूजन में त्याग तपस्या में होम हवन में बाधाएं उत्पन्न करता हो, हमारे धार्मिक अनुष्ठानों में विरोध उत्पन्न करता हो, इसका विरोध नहीं करना चाहिए अपितु अपने अनुष्ठान में लगे रहना चाहिए। उन्हें दबाकर नजरअंदाज करके अपना धर्म, ध्यान करते रहना चाहिए यही अपने जीवन की सफलता है। यह उद्गार 1008 श्री नाभि नंदन दिगंबर जैन मंदिर इटावा में चातुर्मास कर रहे परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं समय सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री सुब्रत सागर महाराज ने उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त की। मुनि श्री ने आगे कहा कि जब हम कोई अच्छा काम करते हैं तो तरह-तरह की बाधाएं



आती ही है। क्योंकि अच्छे काम में बाधा आना इस बात का प्रतीक है कि हम अच्छा काम कर रहे हैं। जिस काम में कोई परेशानियां न आए तो समझ लेना कि वह काम उचित नहीं है। धर्म का कोई भी काम करते हैं तो परेशानियां आना स्वाभाविक है। इसलिए उन परेशानियों से डर कर हमें अपना धर्म करना नहीं छोड़ना चाहिए। परंतु देखा यह जाता है की थोड़ी सी परेशानी आई और हम अपने धर्म के मार्ग से विचलित हो जाते हैं। हमें अपने जीवन का प्रबंध करना आना चाहिए। मुनि श्री ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा की अगर हम परेशानियों में उलझ जाएंगे तो हम धर्म ध्यान नहीं कर पाएंगे और हमारे विरोधी जिस उद्देश्य को लेकर हमारे पास आए थे वह सफल हो जाएंगे। इसलिए हमें अपने धर्म ध्यान में लगे रहना चाहिए।

### मां मोतीचूर नदी से प्रारंभ हुई यात्रा उदयपुर पहुंची, जयकारों से गूंजा अंचल

# 3 घंटे में पूरी की 60 किमी की डाक कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सनातन सेवा संघ के तत्वाधान में श्री मारुति नंदन डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। बीना के मोतीचूर नदी से उदयपुर तक 60 की दूरी दौड़ लगाकर मात्र 3 घंटे में यात्रा पूरी कर भगवान नीलकंठेश्वर का मां मोतीचूर नदी के जल से अभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा मोतीचूर से प्रारंभ होकर कुरवाई, मंडी बामोरा होते उदयपुर पहुंची। शुभम नामदेव ने बताया कि इतिहास में पहली बार बीना से डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जो बीना के मां मोतीचूर नदी से शनिवार सुबह पौने 7 बजे यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें शहर के 17 युवाओं ने भाग लिया। सभी मां मोतीचूर नदी का जल भर कर दौड़ लगाते हुए मात्र 3 घंटे में सुबह पौने 10 बजे उदयपुर पहुंचे और भगवान शिव का अभिषेक किया गया।





क्या है डाक कांवड़ यात्रा- शुभम ने बताया कि एक बॉटल में मां मोतीचूर नदी का जल भर कर उसे लाल कपड़े में बांध कर यात्रा शुरू हुई। यात्रा में बाइक पर युवा चल रहे थे। जिसमें से एक युवक कांवड़ को लेकर दौड़ लगाते हुए चलता था। 150-200 मीटर की दूरी पर दूसरा युवक कांवड़ को लेकर दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ता था। जो रिले दौड़ के रूप में आयोजित हुई। इस तरह सभी 17 युवक कांवड़ को लेकर दौड़ते हुए 60 किमी की यात्रा 3 घंटे में पूरी करते हुए उदयपुर पहुंचे। डाक कांवड़ यात्रा में मुख्य रूप से शुभम नामदेव भाऊ, सनातनी हर्ष सोनी, अमित सेन अक्की, सत्यम नामदेव, ऋतुराज सोनी, युवराज चौधरी, संदीप विश्वकर्मा, लकी विश्वकर्मा, दीपू विश्वकर्मा, देव विश्वकर्मा, दीपेश राजपूत, ध्रुव, विवेक, करण पंथी, सूरज, ललित और अन्य साथी शामिल रहे।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर पर चल रहे धार्मिक आयोजन

### मंगला आरती के बाद भोलेनाथ का हुआ महाभिषेक



**बीना।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में सावन मास के आखिरी सोमवार धार्मिक आयोजन हुए। सुबह मंगला आरती के साथ भगवान भोलेनाथ का महाभिषेक किया गया। जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने अभिषेक कर धर्म लाभ प्राप्त किया। महिला मंडल की ओर से अभिषेक एवं महाआरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सावन तीज से चल रहे झूला महोत्सव का भी श्रद्धालुओं ने दर्शन कर धर्म लाभ लिया। गौरतलब है कि श्रावण तीज से झूला महोत्सव की नित्य नई झांसी के साथ जगत के पालनहार झूले पर विराजमान है। कार्यक्रम निरंतर श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा। महिला मंडल की लक्ष्मी तिवारी ने बताया कि झूला महोत्सव के दर्शन मात्र से ईश्वर की असीम कृपा प्राप्त होती है। अभिषेक कार्यक्रम में महिला मंडल की मंजूसा राजपूत, मिथलेश हजारी, कल्पना शर्मा, दीपा भोजक अनीता शर्मा, संध्या शर्मा, रानी गोस्वामी एवं अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।